# जनपद – बलिया

1. **श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अभियान “OPERATION CONVICTION” के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक बलिया श्री देव रंजन वर्मा के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन विभाग के प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप धारा 363,366 भादवि व ¾ पाक्सो एक्ट के मामले में मा0 न्यायालय द्वारा दोषी करार देते हुए 01 नफर अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 18,000 (अट्ठारह हजार) रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।**

दिनांक 12.07.2024 को बलिया पुलिस के मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन विभाग के प्रभावी पैरवी से थाना बांसडीह रोड पर पंजीकृत मु0अ0सं0 130/16 धारा 363,366 भादवि व ¾ पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित प्रकरण में *अभियुक्त 1. पिन्टू कुमार पुत्र सूरज राम निवासी मिश्रनेउरी थाना कोतवाली जनपद बलिया को मा0 न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अष्टम/विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) जनपद बलिया द्वारा-

धारा-4 पाक्सो एक्ट में दोषसिद्द पाते हुये अभियुक्त को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 10,000 (दस हजार) रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न जमा करने पर अभियुक्त को 06 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना पड़ेगा।

धारा-366 भादवि में दोषसिद्द पाते हुये अभियुक्त को 07 वर्ष का कठोर कारावास व 5,000 (पाँच हजार) रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न जमा करने पर अभियुक्त को 03 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना पड़ेगा।

धारा-363 भादवि में दोषसिद्द पाते हुये अभियुक्त को 05 वर्ष का कठोर कारावास व 3,000 ( तीन हजार) रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न जमा करने पर अभियुक्त को 02 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना पड़ेगा।

2. **थाना बांसडीह रोड जनपद बलिया पुलिस द्वारा दुष्कर्म/धोखाधड़ी कर जमीन की रजिस्ट्री कराने वाला 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।**

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बलिया श्री देव रंजन वर्मा के निर्देशन में श्रीमान् क्षेत्राधिकारी बाँसडीह महोदय के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 10.07.2024 को थानाध्यक्ष बांसडीह रोड श्री अखिलेश चन्द्र पाण्डेय मय फोर्स द्वारा थाना बांसडीह रोड पर पंजीकृत मु0अ0सं0 168/2024 धारा 420/328/354B/376/511 भादवि0 से संबंधित अभियुक्त सुनील यादव पुत्र राम अयोध्या यादव निवासी यारपुर बेदुआ थाना कोतवाली जनपद बलिया को समय 20.05 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। जिसे नियमानुसार दिनांक 11.07.2024 को मा0 न्यायालय भेजा गया।

**संबंधित मुकदमा-**

1. मु0अ0सं0 168/2024 धारा 420/328/354B/376/511 भादवि थाना बांसडीह रोड जनपद बलिया

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. सुनील यादव पुत्र राम अयोध्या यादव निवासी यारपुर बेदुआ थाना कोतवाली जनपद बलिया

3. **थाना बांसडीह रोड जनपद बलिया पुलिस द्वारा 02 नफर वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार।**

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री देव रंजन वर्मा के निर्देशन में श्रीमान् क्षेत्राधिकारी बाँसडीह महोदय के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 12.07.2024 को थाना बांसडीहरोड पुलिस टीम के उ0नि0 श्री अजय कुमार सिंह मय फोर्स द्वारा मा0 न्याया0 ए0एस0जे0 एफ0टी0सी द्वितीय बलिया एसटी नं0 2090/21 धारा 340 द0प्र0सं0 से संबंधित 02 नफर वारन्टी अभियुक्त 1.विजय यादव पुत्र स्व0 सखी यादव उम्र करीब 65 वर्ष 2. सिरोज अंसारी पुत्र स्व0 बकरीदन अंसारी उम्र 56 करीब वर्ष निवासीगण ग्राम बड़की शेरिया थाना बांसडीह रोड जनपद बलिया को उनके घर से गिरफ्तार किया गया व नियमानुसार मा0 न्यायालय भेजा गया।

नोट- उक्त मुकदमें से संबंधित वारन्टी (1) रोजादीन पुत्र स्व0 रमजान मिया जिसकी मृत्यु हो चुकी है।

**संबंधित मुकदमा-**

1. एसटी नं0 2090/21 धारा 340 द0प्र0सं0

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. विजय यादव पुत्र स्व0 सखी यादव उम्र करीब 65 वर्ष निवासी ग्राम बड़की शेरिया थाना बांसडीह रोड जनपद बलिया
2. सिरोज अंसारी पुत्र स्व0 बकरीदन अंसारी उम्र 56 करीब वर्ष निवासी ग्राम बड़की शेरिया थाना बांसडीह रोड जनपद बलिया